मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 | अंक - 49 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 28 अगस्त से 03 सितंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये




## अजित पवार ने बारामती में किया शक्ति प्रदर्शन...

### शरद पवार गुट के NCP पर लगाया ये बड़ा आरोप



**मुंबई :** अजित पवार ने शनिवार को बारामती में शक्ति प्रदर्शन किया। शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार के साथ जुड़ने और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अजित पवार का बारामती का यह पहला दौरा था। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनका जोरों-शोरों के साथ स्वागत किया। अजित पवार की 4 घंटे की रैली में उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया उनके समर्थक और जनता अभी भी उनके साथ खड़ी है।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी असली आदर्श हैं। वे कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री त्योहारों में भी अपने घर नहीं जाते बल्कि बॉर्डर पर सैनिकों से मिलकर उनके साथ त्योहार मनाते हैं। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को प्रेस से बात करते हुए कहा कि हमारी पार्टी में कोई टूट नहीं है। हां यह सच है कि हमारे कुछ विधायक चले गए हैं मगर कुछ विधायकों के जाने का मतलब पार्टी का टूट जाना नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा कि राकांपा का मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और जयंत पाटिल पार्टी के राज्य नेता हैं।

#### अजित पवार ने लगाया ये बड़ा आरोप

**बारामती में हुई रैली के दौरान अजित पवार ने अपने चाचा और राकांपा प्रमुख शरद पवार के बारे में कुछ नहीं कहा मगर पार्टी पर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी-कभी विकास के लिए अलग फैसले लेने पड़ते हैं। कुछ लोग हमारी आलोचना करेंगे मगर हमारी युवा पीढ़ी जानती है कि जो कदम मैंने लिया है वो सिर्फ बारामती के लोगों के हित में लिया है। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि NCP ने मुख्यमंत्री पद का दावा नहीं किया। उनके पास 2004 और 2009 में चुनाव के बाद दो अवसर थे।**

## शरद पवार के चलते कोश्यारी ने राज्यपाल पद से दिया था इस्तीफा?

### भगत दा ने महाराष्ट्र राजभवन के राज से उठाया पर्दा



**महाराष्ट्र :** भगत दा के नाम से मशहूर भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में खूब सुर्खियां बटोरी थीं. सुबह तड़के देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार का शपथ ग्रहण समारोह हो या उद्धव ठाकरे की सरकार को फ्लोर टेस्ट का निर्देश देना हो, ऐसे कई फैसले रहे जिसे लेकर उनके ऊपर सवाल भी उठे. कोश्यारी ने इसी साल जनवरी में राज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था. उनके इस्तीफे को लेकर भी कई चर्चाएं होती हैं. अब भगत सिंह कोश्यारी ने राजभवन के कई राजों से पर्दा उठाया है.

भगत सिंह कोश्यारी ने इंडिया टुडे के स्टेट ऑफ दे स्टेट- उत्तराखंड फर्स्ट कार्यक्रम में कई सवालों के जवाब दिए. इसी में उनसे सवाल किया गया कि कहा जाता है कि इस्तीफे की वजह एनसीपी नेता शरद पवार की तरफ से दबाव था. इस पर कोश्यारी ने कहा कि शरद पवार जी इस देश के वरिष्ठ नेताओं में हैं, जिनका आज भी सभी सम्मान करते हैं. कोश्यारी ने दबाव की बात से इनकार करते हुए कहा कि शरद पवार ने मुलाकात के दौरान अपने मन की बात उनसे कही थी. ऐसा कुछ भी नहीं था. राजनीति में अंदर कुछ कहते हैं, बाहर कुछ कहते हैं.

#### अजित पवार की तारीफ, तंज भी

**अजित पवार के सवाल पर कोश्यारी ने थोड़ा तंज कसा और तारीफ भी की. कोश्यारी ने कहा, अजित पवार महाराष्ट्र में एक सुलझे हुए राजनेता हैं. उत्तराखंड के सीएम रह चुके भगत सिंह कोश्यारी ने बिना नाम लिए अपने ही राज्य के एक पूर्व सीएम से अजित पवार की तुलना की और कहा कि जैसे हमारे प्रदेश में एक बड़े नेता हैं, वो कितनी बार हार जाएं वो हार नहीं मानते, ऐसे ही अजित पवार भी ऐसे व्यक्ति हैं, उनकी जितनी भी बार डिप्टी सीएम बनने को कहो वे तैयार रहते हैं. इसलिए कभी-कभी उनपर दया भी आती है. कोश्यारी ने आगे कहा, अजित पवार होशियार आदमी हैं. उनका जनाधार बहुत है. संगठन में मजबूत पकड़ है. एनसीपी के अधिकांश विधायक अजित पवार के साथ हैं. इसलिए उनका अपना स्थान है.**

## मोर बाजार, सबको रोजगार- पद्मश्री फुलबासन यादव

### नारी सशक्तिकरण योजना के लिए अरपा रेडियो का आयोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** बिलासपुर में लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने सेंदरी, गतौरी, सेमरताल सेमरा,जलसो और रमतरा गाँव की 25- 25 महिलाओं के साथ पिछले महीनों में ह्लहिंसा को नोह्न कार्यक्रम का संचालन किया। इन सारी महिलाओं के विकास और इनको रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लिब्रा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अरपा कम्यूनिटी रेडियो ने पद्मश्री फुलबासन यादव को आमंत्रित किया। परम तपस्वनी फुलबासन दीदी ने ग्राम सेमरताल में आकर इन महिलाओं से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में संचालित हो रहे 'मोर बाजारः सबको रोजगार' योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कि इस योजना में दूसरे प्रदेशों के लोग भी जुडने में रुचि दिखा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में साढ़े 8 लाख महिलाओं के साथ काम कर रही फुलबासन यादव ने बिलासपुर संभाग की महिलाओं से भी इस योजना से जुडने का आव्हान किया। मोर बाजार में गाँव की महिलाओं के माध्यम से 300 उत्पाद बाजार में हैं, जिनमें शुद्ध घर के बनाए मसाले, बड़ी, बिजौरी, अचार खाने का सामान के अलावा धान के गहने, बांस के सामान, आयुर्वेदिक औषधियों की बनी दवाएं और भी बहुत कुछ शामिल है। पद्मश्री फुलबासन यादव का कहना है कि छत्तीसगढ़ से कच्चा सामान बाहर के प्रदेशों में जाता है और उत्पाद के रूप में महंगा होकर, मिलावट के साथ वापिस हमारे हाथों में आता है। अपने प्रदेश का पैसा यहीं के लोगों को रोजगार प्रदान कर सके, इसलिए गाँव के ब्रांड पर ये बाजार योजना आरंभ की गई है जिसका लाभ हर जिले में महिलाओं को 6000 से 90000 रु तक हो रहा है। अरपा रेडियो द्वारा जल्द ही इन ग्रामों में निःशुल्क ट्रैनिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। अरपा रेडियो संचालन समिति की तरफ से संज्ञा टंडन, रचिता देशपांडे, मातृका साहू, राजेश यादव वहाँ उपस्थित थे।



कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के संस्थापक व पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा सोमनाथ यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा सोमनाथ यादव ने इस योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जुडने और अपने पैरों पर खड़े होने का आव्हान किया। तत्पश्चात ग्राम रमतला में महिलाओं की बैठक हुई जिसमें विजय यादव बिरकोना,जलसों के पूर्व सरपंच अनिल यादव, नरेश यादव सहित उपस्थित ग्रामवासियों ने भी अपने गाँव की महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आश्वासन दिया है।

## जानवरों को मारें नहीं, उनसे बचें: शहाबुद्दीन

### जंगली जानवरों से बचने के उपाय बताये

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला मुरकुटा बिल्हा में साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत बैग लेस डे पर जंगली जानवर से बचने के उपाय बताये गये। इस अवसर पर प्रधान पाठक शेख शहाबुद्दीन ने कहा कि जंगली जानवरों को मारना उचित नहीं है लेकिन यह एक अंतिम विकल्प हो सकता है जब आपकी जान पर बन आए। उन्होंने बताया कि जंगलों के आसपास रहने वाले लोग अपनी सुरक्षा के लिए रात में गांव के बाहर आग जलाकर रखते हैं क्योंकि जंगली जानवर आग से डरते हैं। कुछ लोग बारी बारी से रात में पहरा भी देते हैं। अपनी आत्म रक्षा के लिए हथियार भी रखते हैं।



दिन ढलने के बाद वे जंगलों में नही जाते हैं। शाम होते ही वे अपने बच्चों को घरों के अंदर ही रखते हैं बाहर नहीं निकलने देते हैं। इतनी सावधानियां के बाद भी कभी कभार कोई न कोई अनहोनी घटना घट ही जाती है। कार्यक्रम में सहयोगी टीचर केहर सिंह और गूंजा साहू सहित स्कूल के बच्चे भी उपस्थित थे।

## प्रिय मूल्यवान पाठकों और विज्ञापनदाताओं...

हम अपने समाचार पत्र की स्थापना के 11 वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धि का आगामी सितंबर विशेषांक प्रकाशित कर जश्न मनाने जा रहे हैं। हमारे लिए यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है,जो उन कहानियों से भरी हुई है जिन्होंने हमारे समुदाय को सूचित, प्रेरित और जोड़ा है।

हम अपने समर्पित पाठकों, हमारी पत्रकारिता में आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपके पाठक वर्ग उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं।

हमारे सम्मानित विज्ञापनदाताओं के प्रति, हम अपने संदेशों और पेशकशों को हमारे संलग्न दर्शकों के साथ साझा करने के लिए हमारे साथ साझेदारी करने के लिए अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करते हैं। आपका योगदान हमारे मिशन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण रहा है।

जैसे ही हम पिछले 11 वर्षों पर विचार करते हैं, हम उत्साह और प्रत्याशा के साथ भविष्य की ओर भी देखते हैं। ज्ञानवर्धक, निष्पक्ष और प्रभावशाली समाचार देने की हमारी प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक मजबूत बनी हुई है।

हमारी यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए कदम कदम पर का परिवार प्रमुख होने के नाते आप सभी का साधुवाद करता हूं। यहां कई वर्षों की सूचित कहानी और सार्थक संबंध मौजूद हैं और मौजूद रहेंगे। विशेषांक प्रकाशन पर आप सभी की हार्दिक शुभकामनाएं, इश्तहार एवं लेख अपेक्षित।

धन्यवाद!

सादर

छोटेलाल शर्मा, प्रधान संपादक



# संपादकीय



छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

## जनधन खातों की संख्या

मात्र नौ वर्षों में जनधन खातों की संख्या पचास करोड़ के ऊपर पहुंच जाना एक ऐसी उपलब्धि है जिसकी विश्व में मिसाल मिलना कठिन है। वित्तीय समावेशन की इस महत्वाकांक्षी योजना ने देश के आम लोगों, विशेष रूप से निर्धन वर्ग को न केवल आर्थिक रूप से सबल बनाया है, बल्कि उसे बचत करने की प्रेरणा भी प्रदान की है। शायद यही कारण है कि इस योजना की प्रशंसा विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी की है।

इस योजना ने वित्तीय समावेशन में कितना उल्लेखनीय योगदान दिया है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि जनधन खाताधारकों में 56 प्रतिशत महिलाएं हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इसमें संदेह नहीं कि इस योजना ने केवल गरीबों को आत्मनिर्भरता की राह ही नहीं दिखाई, बल्कि सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी ढंग से लगाम लगाई है। चूंकि जनधन खाते डीबीटी यानी प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण से जुड़े हैं, इसलिए सरकार की विभिन्न योजनाओं का पैसा बिना किसी रिसाव के सीधे जनधन खाता धारकों के खाते में पहुंचता है। पहले यह पैसा भ्रष्ट तत्वों की जेबों में चला जाता था। यह विस्मृत नहीं किया जा सकता कि एक समय प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी ने खुद यह स्वीकार किया था कि जनकल्याण की योजनाओं के लिए केंद्र सरकार की ओर से भेजे जाने वाले धन का केवल 15 प्रतिशत ही पात्र लाभार्थियों तक पहुंचता है। आज स्थिति पूरी तरह भिन्न है। जनधन खातों और उनमें सीधे नकद हस्तांतरण ने न केवल जनकल्याण की योजनाओं में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि इनका लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले। ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन में यह पारदर्शिता अनिवार्य भी है। जब यह योजना शुरू की गई थी तो विपक्ष के अनेक नेताओं और कुछ अर्थशास्त्रियों ने भी यह कहकर मोदी सरकार का उपहास उड़ाया था कि आखिर इन खातों में पैसा कहां से आएगा। स्पष्ट है कि वे पूरी तरह गलत साबित हुए। इन खातों में केवल जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना समेत अनेक योजनाओं का धन ही सीधे नकद हस्तांतरण के जरिये नहीं पहुंच रहा है, बल्कि जनधन खाताधारक अपनी कमाई का पैसा भी जमा कर रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार जनधन खातों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि अब तक जमा हो चुकी है। स्पष्ट है कि इस योजना ने करोड़ों लोगों को केवल आर्थिक संबल ही नहीं प्रदान किया, बल्कि उन्हें देश की आर्थिक उन्नति में भागीदार भी बनाया है। एक देश की समग्र आर्थिक उन्नति तभी होती है जब उसके प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से निर्धन वर्ग सबल-समर्थ बनता है।

# जनभाषा की गोष्ठी मां भारती के वैज्ञानिकों एवं चंद्रयान-3 को समर्पित

**ठाणे,** साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ठाणे के तत्वाधान में शनिवार दिनांक 26 अगस्त 2023




को मुन्ना सिंह विष्ट, सिडको कार्यालय में मां भारती के वैज्ञानिकों एवं चंद्र यान 3 के सफल प्रक्षेपण को समर्पित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उत्कृष्ट साहित्यकार एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के मंत्री संजय द्विवेदी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में नंदलाल थापर एवं बहादुर सिंह बाज उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन कवि, शिक्षक एवं पत्रकार विनय सिंह विनम्र ने की। उक्त कार्यक्रम का संयोजन संस्था अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार आर पी सिंह रघुवंशी एवं सचिव अनिल कुमार राही ने की। संस्था के मीडिया सचिव विनय शर्मा दीप ने बताया कि कवि गोष्ठी पूर्णतया देश के वैज्ञानिकों की सफलता एवं इसरो से चांद की सफर करने वाले चंद्रयान 3 को समर्पित रही।इस गोष्ठी में मुंबई,




ठाणे एवं नवी मुंबई से साहित्यकारों की उपस्थिति देखी गई जिसमें वरिष्ठ कवि नंदलाल क्षितिज, मदन गोपाल गुप्ता अकिंचन, त्रिलोचन सिंह अरोड़ा, शिव शंकर मिश्रा, गजलकार अभिलाष, डॉक्टर शारदा प्रसाद दुबे शरद चंद्र, गीतकार रामस्वरूप साहू स्वरूप, वरिष्ठ साहित्यकार हरजिंदर सिंह शेठ्ठी, सदाशिव चतुर्वेदी, डॉ वफा सुल्तानपुरी, गीतकार रविंद्र कुमार शर्मा दीप, बालकवि रचित वि. शर्मा, कवियत्री सत्यभामा सिंह, शिवकुमार सिंह, सुभाष चतुर्वेदी, एडवोकेट अनिल शर्मा, पत्रकार मुन्ना यादव मयंक जनहित इंडिया एवं शिव कुमार सिंह रघुवंशी प्रमुख रहे।अध्यक्षीय उद्बोधन पश्चात संस्था सचिव राही ने आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रीयगीत के साथ कवि गोष्ठी समाप्त हुई।

# कुणबी समाज का रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**मुंबई-** कुणबी समाज विकास संघ, मुलुंड के 25 वर्ष पुर्ण होने पर रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मनपा विद्यालय हाल, गोशाला रोड,मुलुंड प.पर विनायक घाणेकर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में संदीप राजपुरे(दापोली),डॉ.बाबु लाल सिंह (वरिष्ठ समाज सेवक),डॉ. सचिन सिंह (अध्यक्ष युवा ब्रिगेड एसोसिएशन),राजेश आईनकर,प्रदीप घाणेकर, संतोष अवगुल,मधुकर खामकर,दीपक चव्हाण, उपस्थित रहे।





इस अवसर पर समाज के मेधावी विद्यार्थियों,एवम समाज द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करने वाले महानुभावों का शाल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

अतिथीयों का सत्कार विनायक घाणेकर, आशीष पाटील, तानाजी निकम, करूणा गावडे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अरविंद महादलेकर, शंकर बाईत, सुरेश लोखंडे, लक्ष्मण हरावडे, प्रमिलाताई घाणेकर,संजीवनी भुवड,संतोष पवार,सेजल गोवले, लक्ष्मी महसकर,सरस्वती महसकर,शिवाजी ताबट,अनंत कदम, स्नेहा पाचाल,सुनिल मांजरेकर,रविंद्र मांडवकर,महेंद्र ऊके,कृष्णा खापटकर का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

# !!!ज्ञानार्जन !!!



**सदैव उन लोगों के सानिध्य और संगति में रहें जो आपको ऊपर उठाते हैं, अर्थात आपको सफल होते देखना चाहते हैं। वे ही हैं जो आपको शीर्ष पर ले जाना चाहते हैं।**

**अपना रास्ता सोच-समझकर चुनें। शॉर्टकट से आपको तुरंत सफलता तो मिल सकती है, लेकिन अक्सर धीमी गति से मिलने वाली सफलता ही स्थायी होती है। जीवन का एक ही नियम होना चाहिए!**

**सीधी बात बोलो, सच बात बोलो, और सामने बोलो! जो अपने होंगे, वह समझ जाएंगे! जो नाम मात्र के होंगे, वह छिटक जाएंगे!**

**यदि आपके आत्मसम्मान को कई बार चोट लगी है और आप फिर भी मुस्कुराना जानते हैं, तो यकीन मानिए आप इस दुनिया के सबसे मजबूत व्यक्ति हैं।**

**योग्यता और प्रतिभा कर्म से उपजती है, जन्म से हर व्यक्ति शून्य (शूद्र) ही होता है!**

**॥ जय श्रीकृष्ण ॥**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# पालिका अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर केशरी का सम्मान समारोह




**मुंबई-**पालिका अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर केशरी जी नगर प. का स्वागत सम्मान समारोह व अ० भा० नाई समाज का नगर अध्यक्ष का चुनाव- जिसमें मोनू शर्मा को नगर अध्यक्ष चुना गया।

सभा को सम्बोधित करते पालिका अध्यक्ष माननिय श्री श्याम सुन्दर केशरी, नाई समाज जिला अध्यक्ष रामआसरे शर्मा संरक्षक, बेचूणाल जी, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा (EX.BDC) महामंत्री- हरिशंकर शर्मा, रामदास शर्मा, नगर अध्यक्ष मोनू शर्मा, रामदयाल शर्मा, मानीकचन्द्र शर्मा, जिलाजीत मनीष शर्मा, पहल परिवार प्रयागराज संजय शर्मा, निरज शर्मा, सुरेश ठाकुर, खादी उद्योग (पूर्व) मैनेजर बलीया, सभासद- इन्द्रजित पटेल जी कल्लू शर्मा, डा० रामभरोस शर्मा, श्री श्रीनाथ चौधरी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कोन, जीवनाथ शर्मा, सुबास शर्मा, भानु प्रताप आर्य, कोन ब्लाक अध्यक्ष इत्यादी गणमान्य लोग उपस्थित थे।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि - श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय उड्डयन मंत्री भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि - श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश सरकार , श्री मुन्नालाल गोयल बीज निगम अध्यक्ष मध्य प्रदेश, इस अवसर पर बृजेश श्रीवास पार्षद, रामचरण श्रीवास, आनंद श्रीवास, कोमल सविता,चंदू सेन पूर्व पार्षद, अनिल श्रीवास, ओपी सेन 'आजाद', श्रीमती रेखा सेन,दिनेश सेन, डॉक्टर सुरेश चंद श्रीवास, हजारीलाल श्रीवास, मातादीन कोटिया,नारायण सविता हेमू सेन बल्लू सेन आदि सहित भिंड मुरैना बामोर दतिया शिवपुरी गुना चीनोर और भितरवार पिछोर आदि शहरों के हजारों की संख्या में सेन समाज बंधु उपस्थित थे.



गंगागिरी महाराज सप्ताह कमिटी अध्यक्ष आमदार रमेश जी बोरनारे, बेटसराला संस्थान के ट्रस्टी मधुकर जी महाराज इनका सत्कार करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार khandalkar



सद्गुरु गंगागिरी जी महाराज अखंड हरिनाम संकीर्तन सप्ताह, वैजापुर में भव्य भक्ती मय मे शुरू है, महंत रामगिरी जी महाराज इनका सम्मान, पुजन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन के अध्यक्ष अशोक लालचंद पवार khandalkar

# डॉ.राम मनोहर त्रिपाठी फाउंडेशन द्वारा कजरी महोत्सव संपन्न







**मुंबई-** डॉ.राम मनोहर त्रिपाठी फाउंडेशन द्वारा कजरी महोत्सव सेंट जुड्स स्कूल, साकीनाका,मुंबई के प्रांगण में मो.आरिफ(नसीम) खान की अध्यक्षता में समारोह पुर्वक संपन्न हुआ। समारोह में प्रमुख अतिथी के रूप में नाना पटोले (अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस),श्रीमती वर्षा गायकवाड (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस),हरिवंश सिंह (पुर्व सांसद),संतोष आर.एन. सिंह (अध्यक्ष उत्तरभारतीय संघ मुंबई),वरिष्ठ समाज सेवक शारदा प्रसाद सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ. राधेश्याम तिवारी,संजय ओझा, डॉ.सचिन सिंह,संतोष विश्वकर्मा,शरीफ खान सहित कई गणमान्य उत्तरभारतीय नेतागण उपस्थित हुए।

अतिथियों का सत्कार गमछा एवम पुष्प गुच्छ प्रदान कर नसीम खान,अनुराग त्रिपाठी,डॉ राजेंद्र सिंह, बृजमोहन पांडेय, डॉ मंजू पांडेय,शरीफ खान, विद्रोही जी,भरत सिंह,दिनेश ठक्कर, सुनील दुबे,अशोो दूबे,अनिल चौरसिया ने किया।

इस अवसर पर भोजपुरी लोकगीत गायिका अल्का झा,तृप्ति शाक्य,सुरेश मिश्रा,हरिपुरी उपाध्याय ने मिजार्पुरी कजरी सुना कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए नाना पटोले ने उपस्थित जन समुदाय को सावन माह, कजरी महोत्सव पर बधाई देते हुये कहा कि हमारा देश विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत लिये हुये सर्व धर्म समभाव, इंसानियत

पर चल रहा है। यहां पर सामाजिक, धार्मिक,जातीय, विद्वेष, उन्माद के लिये कोई जगह नहीं है।हम सब मिलकर इस देश की धरोहर, परंपरा,सद्भाव को बनाए रखेंगे।

# समाज सेवा एक पुण्य कार्य

**समाज** सेवा एक पुण्य कार्य हैं। मानव एक सामाजिक प्राणी हैं, जो सभी के साथ मिलजुलकर समाज में रहता हैं और समाज की गतिविधियों कानून कायदों में बंधकर अपनी सोशियल ड्यूटी का निर्वहन भी करता हैं। समाज हमारे लिए सुरक्षा तथा सुविधा के कवच के रूप में होता है. समाज के लोग एक साथ मिलकर सभी एक दुसरे के काम आते है. जिस कारण सभी अपना जीवन सरलता तथा सहजता से यापन कर पाते है.

**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी नंदवंशी अजय शर्मा के अवलोकानुसार**

अपने समाज की कुरीतियों को कम करने तथा लाभदायक कार्य के लिए सभी को प्रेरित करना सबसे बड़ा समाज सेवा है, जो सभी के लिए कल्याणकारी साबित होता है. तथा हमारे लिए भी, अपना पेट तो जानवर भी भरते हैं. मगर मानव में खास बात यह हैं कि वह समूचे समाज के हित की सोचता हैं तथा हर जरूरत मंद की मदद करने के लिए भी आगे आते हैं. निस्वार्थ भाव से किसी दूसरे की गई मदद को ही समाज सेवा कहा जाता हैं.

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था अध्यक्ष श्री दिनेशचंद्र शर्मा के कथनानुसार

समाज सेवा एक पुण्य कार्य हैं, इसके कारण लोग अमर हो जाते है तथा उन्हें सदियों तक याद भी किया जाता हैं. बड़ी से बड़ी सामाजिक बुराई को समाज सेवा रुपी हथियार की मदद से दूर किया जा सकता हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने बहुत ही सुंदर पंक्ति लिखी हैं परहित सरिस धर्म नहीं भाई, अर्थात दूसरों की भलाई से बढ़कर कोई भी धर्म नहीं हैं. हमें प्रकृति से परोपकार के गुणों को सीखकर अपनाना चाहिए.

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार शर्मा के कथनानुसारप्रकृति हमें प्रकाश, ऊष्मा, जीवन सब कुछ निस्वार्थ ही देती हैं. पेड़ पौधे भी अपना जीवन प्राणियों को समर्पित कर देते हैं. यदि इंसान के दिल से परोपकारी गुण गायब हो गया तो यह संसार पशुवत हो जाएगा, जहाँ चार पैरों के जानवर और मनुष्य में कोई फर्क नहीं रह जाएगा.

भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव श्री शैलेंद्र कुमार शर्मा के कथनानुसार किसी समाज अथवा राष्ट्र की उन्नति व प्रगति के लिए सभी लोगों का खुशहाल होना जरुरी हैं. यदि कुछ लोग भी दुखों से पीड़ित रहेगे तो वह समाज आगे नही बढ़ पाएगा. भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था प्रधानमहासचिव श्री मनोज कुमार शर्मा के कथनानुसार यदि समाज के एक तबके के पास सुख सुविधा हो और दूसरे लोग कष्ट से जीवन यापन कर रहे है तो वह समाज निश्चय ही दुर्गति को प्राप्त




होगा. दुःख की तासीर ही उतनी कष्टदायक होती है कि जो लोग भी सुख सम्पन्न है वे पीड़ितों को दुखी देखकर सुखी जीवन नहीं जी पाएगे. भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मुन्नालाल शर्मा के कथनानुसार रोग, गरीबी या प्रताड़ना से युक्त सामाजिक वातावरण में कभी भी सुख सम्रद्धि का वास नहीं होता हैं. समाज की खुशहाली में इन बाधकों को तभी दूर किया जा सकता हैं. जब प्रत्येक नागरिक निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर अपने समाज के पीड़ित एवं दुखी लोगों की मदद करे. क्योंकि समाज के बिना किसी भी व्यक्ति का कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं रह जाता हैं. भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी नंदवंशी अजय शर्मा का यह मानना है कि -

सर्वशक्तिमान व्यक्ति भी यह दावा नहीं कर सकता कि उसने कभी किसी का सहयोग नहीं लिया अथवा भविष्य में नहीं लेगा. हमें जीवन निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शेष समाज से सहयोग की जरूरत होती हैं. ऐसे में अपने ह्रदय में भी समाज सेवा के भाव रखकर उपेक्षित, वंचित या पीड़ित व्यक्ति की मदद जरुर करें।

समाज सेवा के बारे में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा कि ह्मरा वह नहीं कि जो जिया न आपके लिए, वही मनुष्य हैं कि जो मरे मनुष्य के लिए. मानव सेवा के कार्य में कष्ट जरुर झेलना पड़ता हैं पर इससे प्राप्त आत्म संतोष का सुख अलग ही प्रकार का होता हैं। भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के वरिष्ठ संरक्षक श्री अनिल कुमार शर्मा पत्रकार के कथनानुसार

सेवाभावी मनुष्य को सम्मान की नजर से देखा जाता हैं, सेवा करते समय पात्र की जांच अवश्य की जानी चाहिए, जिस व्यक्ति की मदद कर रहे है वाकई में उसे मदद की आवश्यकता नहीं है तो उसे हम सेवा नहीं कह सकते हैं. सामूहिक कल्याण के भाव से दीन दुखियों, घायलों, अपंगो और अनाथों की हर सम्भव मदद करनी चाहिए।

**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के जौनपुर जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा के कथनानुसार**

समाज सेवा के मापदंड समय के साथ बदलते जाते हैं. सार्वजनिक जीवन में हरेक राजनेता स्वयं को समाज सेवी के रूप में प्रदर्शित करता हैं. मगर उनकी कथनी और करनी में बहुत फर्क होता हैं.

समाज सेवा के नाम पर कुछ लोग ऐसे भी है जो निस्वार्थ भाव से समाज के हरेक तबके के पीड़ित की मदद करने के लिए आगे आते हैं. समाज के रूप में हमें ऐसे सेवाभावी लोगों को सम्मान देना चाहिए.

हम सभी को अपने दिल में समाज एवं देश के प्रति कुछ करने का जज्बा रखना चाहिए. जब भी सेवा का मौका मिले हमें आगे आकर उसे भुनाना चाहिए. एक सामाजिक नागरिक के रूप में हमारा यह दायित्व भी हैं कि हम समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को खत्म करने की दिशा में काम करें और लोगों को भी प्रेरित करें. भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था के प्रेरणाश्रोत श्री घनश्याम शर्मा(अध्यक्ष MWO) का कहना हैं कि ऐसे छोटे छोटे प्रयासों से ही सामाजिक आन्दोलन खड़े कर बड़े सुधार किये जा सकते हैं. मनुष्य जन्म पाकर हमें जब भी अवसर मिले किसी की मदद के लिए आगे आना चाहिए, तभी सच में हमारा मनुष्य के रूप में जीवन सफल माना जाएगा.

गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा हैं सेवा धरम कठिन जग जाना।' यह समाज सेवक को जीवन में बड़े बड़े त्याग करने पड़ते है तब जाकर वह आदर्श स्थापित कर पाता हैं।

**ससम्मान धन्यवाद**
**नंदवंशी अजय शर्मा**
**प्रवक्ता/मिडिया प्रभारी**
**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.**





































यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com



सेन समाज की आन बान शान नंद वंश ऐ शेर भाई नवीन पहलवान जी आप वह आपके परिवार को हार्दिक बधाई हो आपके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं आपका शुभचिंतक राष्ट्रीय सेन गौरव ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश कुमार सेन रंगपुरी महिपालपुर दिल्ली प्रदेश

# महिलाएं स्वरोजगार से परिवार चला सकती हैं: पायल लाठ

## पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन व शांता फाउंडेशन ने जेल में महिलाओं को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन व शांता फाउंडेशन ने आज बिलासपुर के सेन्ट्रल जेल में 208 महिलाओं को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन की संस्थापिका पायल शब्द लाठ ने बताया कि प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के साथ आत्मनिर्भर बनाना एवं बनाई हुई राखी का उपयोग ऐसे भाइयों पर करना जिनकी कलाई सूनी हों।

पायल लाठ ने बताया कि जेल में महिलाओं को चावल, दाल और साबूदाना से राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। शांता फाउंडेशन एवं पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से ऐसे बहुत सारे सामाजिक कार्य सम्पादित किये जा चुके हैं जिनमें स्वास्थ्य शिविर, भूखों को भोजन, वस्त्र वितरण, स्कूली छात्र-छात्राओं को वस्त्र, कापी पुस्तक



स्टेशनरी सामान का वितरण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर वस्त्र खाने-पीने की व्यवस्था, योग अभ्यास, छोटे-छोटे बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी प्रदान करना आदि शामिल है। राखी के पावन पर्व पर बिलासपुर जेल में राखी बनाने के कार्य के दौरान महिला जेल अधीक्षक स्वाति पाण्डेय, पायल एक नया सवेरा की फाउंडर पायल लाठ, शांता फाउंडेशन के फाउंडर नीरज गेमनानी, रुपाली पाण्डेय, डी विनीता रॉव, सृष्टि सिंह, प्रिया गुप्ता, सरस्वती यादव, शुभम पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# भारतीय धोबी समाज मुंबई अध्यक्ष शंकर विद्यादीन रजक का दुःखद निधन

**मुंबई,** भारतीय धोबी समाज मुंबई के प्रदेश अध्यक्ष शंकर विद्यादीन रजक उम्र 66 वर्ष का दुखद निधन आज 23 अगस्त दिन बुधवार शाम 3.30 बजे मुंबई के रहेजा अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांसें लीं,आपको बता दें कि बहुत ही मृदुभाषी बेहद मिलनसार समाज सेवी थे विवाह योग्य युवक, युवती परिचय सम्मेलन जैसा सराहनीय कार्य क्रम करते रहते थे जिसमें भारी संख्या मे पुरुषों के साथ साथ महिलायें भी भाग लेती थी समाज का कोई भी कार्यक्रम हो चाहे गाडगे महाराज का जयंती समारोह हो चाहे कोई भी कार्यक्रम होता था कार्यक्रम में जरूर पहुंचते थे और पूरा जान लगा देते थे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, समाज के दुख सुख में हमेशा सबके साथ खड़े रहते थे समाज के सैकड़ो लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये। रजक चेतना पत्रिका के संपादक जगदीश कनौजिया, उप संपादक सिकंदर एच कनौजिया, सह संपादक राजेश कनौजिया, सुभाष रजक एडवोकेट विनोद कनौजिया, रजक महासंघ के अध्यक्ष राम मिलन



कनौजिया महासचिव जितेंद्र कनौजिया , पूर्व हिन्दी अधिकरी अवध विहारी निर्मल, राज कुमार कनौजिया, ए बी डी एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया,लाल जी कनौजिया ,सुखमी लाल रजक, रामबली कनौजिया, विजय कनौजिया, मनोज कनौजिया, राम स्वरूप चौधरी, राजू गद्दी कनौजिया, समाज सेविका उषा कनौजिया, संतोष निर्मल, महेंद्र चौधरी, दिनेश कनौजिया, मोतीलाल कनौजिया विनोद कनौजिया, योगेश कनौजिया, महेंद्र कनौजिया, समाज सेविका मंगीता माखन, सूरत से फिरतू कनौजिया वरिष्ठ पत्रकार सुरेश कुमार कनौजिया रीवा, इत्यादि हजारों लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत-शत नमन किया।

# नहीं रहे समाज की मसीहा स्व. चौधरी विजय शंकर शर्मा



**कछवा बाजार, मिरजापुर,** दि. 2018/023 आज प्रातः काल कछवा बाजार के लोकप्रिय सम्मानित चौधरी विजय शंकर शर्मा (विजई) जी का लंबी बिमारी से सुबह 6 बजे निधन हो गया। इनकी निधन से समाज कि अपूर्णीय क्षति हुई है तथा क्षेत्र में शोक व्याप्त है। प्रकृति से ईश्वर से प्रार्थना है कि इनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। परिवार को इस महान दुख को सहन करने कि शक्ति प्रदान करे। शोकाकुल पुत्र-प्रशांत कुमार, अखिल भारतिय नाई समाज, मनोज कुमार शर्मा, मिर्जापुर, जिला- अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, संरक्षक, बेचूलाल, उपाध्यक्ष राजेशकुमार शर्मा (EX. BDC) शर्मा, महामंत्री हरीशंकर शर्मा, रामदास शर्मा, सीखड़ ब्लाक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, रतिशंकर शर्मा, नन्दलाल शर्मा, रघुनाथ प्रसाद शर्मा ने शोक व्याप्त किया।

# भाजपा के पूर्व विधायक नरेंद्र पवार ने बड़े विनय भाव से मनाया अपना जन्मदिन




**कल्याण:** अभासम के कल्याण शहर अध्यक्ष एवं हिन्दी साप्ताहिक कदम कदम पर के सह संपादक राजन शर्मा ने सुनील श्रीवास्तव के साथ प्रत्यक्ष मुलाकात कर माननीय श्री नरेन्द्र पवार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। बता दें पूर्व विधायक के रूप में श्री नरेन्द्र पवार जी के समर्पण और सेवा ने समाज पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है, इस विशेष अवसर पर कल्याण की आवाम ने श्री पवार के प्रति अपना आभार और दुआएं व्यक्त की। आवाम की मानें तो श्री पवार के अथक प्रयासों और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने असंख्य लोगों को प्रेरित किया है। लोगों ने बताया कि विधान सभा में आपके वर्षों के समर्पित कार्य ने न केवल हमारे इलाके में अहम सुधार किया है बल्कि दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी स्थापित किया है। सर्व समाज की चिंताओं को दूर करने और सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करने की आपकी क्षमता वास्तव में सराहनीय है। उनके जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

# धूमधाम से मनाया गया दिव्यांश का फर्स्ट बर्थडे

**कल्याण:** अखिल भारतीय सविता महासंघ और हिंदी साप्ताहिक कदम कदम परिवार की खुशी के अभियान के तहत शुक्रवार शाम को कल्याण स्थित लोक फाउंडेशन क्लब हाउस में मुख्य अतिथि अध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ पार्टी के मुख्य अतिथि अभासम के अभिभावक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्मानित श्री जेपी शर्मा जी, वरिष्ठ संपादक हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर श्री छोटेलाल शर्मा जी, युवा, हंसमुख एवं कर्मठ व्यक्तित्व श्री अनिल शर्मा जी, भाजपा नेता एवं अभासम



कोषाध्यक्ष श्री नवनीश शर्मा जी और वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक शर्मा जी ने बर्थडे पार्टी में शिरकत कर बर्थडे बॉय दिव्यांश को अपना शुभाशीष देकर अति बहुमूल्य उपहार भेंट की। तत्पश्चात सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इन यादगार पलों को कैमरे में कैद भी किया गया। आए हुए सम्मानित अतिथियों के सम्मान में आभार व्यक्त करते हुए श्री अनिल शर्मा ने अपनी मनोभावों को सभी के सामने रखा ताली बजाकर सभी ने उनका अभिवादन किया। उसके बाद विगत दिनों अपनी लखनऊ यात्रा की यादों



सम्मानित श्री जेपी शर्मा जी की उपस्थिति में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बता दें अभासम के सक्रिय समर्थक श्री लक्ष्मीकांत शर्मा के पोते के प्रथम जन्मदिन के अवसर पर एक छोटी बर्थडे पार्टी का आयोजन किया गया था। इस बर्थडे पार्टी में करीब के रिश्तेदारों और अतिविशिष्ट शुभचिंतकों को आमंत्रित किया गया।

अतिविशिष्ट शुभचिंतकों में बर्थडे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रामजीत वर्मा जी, संयोजक सविता समाज के स्तंभ समाज रत्न, संकट मोचक के नाम से विख्यात परम आदरणीय श्री अनंतलाल शर्मा जी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री शिव प्रसाद जी, विनम्र श्री अशोक शर्मा जी अप्रत्यक्ष रूप से इस बर्थडे पार्टी को भव्यता प्रदान करने वाले दिव्यांश परिवार के अति निकट अभासम के उप को साझा करते हुए वरिष्ठ संपादक श्री छोटेलाल शर्मा जी ने हिंदी साप्ताहिक कदम कदम के अभिभावक एवं सलाहकार सम्मानित श्री जेपी शर्मा सर के सम्मुख रखी जिसका सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में श्री लक्ष्मीकांत ने मुख्य एवं सम्मानित अतिथियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# कोतवाल ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**चुनार।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन ने फरियादियों की समस्याओं को सुना।

ऐबकपुर मोहाना निवासी भग्गू ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उसकी आराजी भूमिधरी को गलत तरीके



से नापी कर दूसरे काश्तकार को देने का प्रयास किया जा रहा है। कुल सात प्रार्थना पत्र पडे जिसमें मौके पर एक का निस्तारण हुआ। शेष संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु सौप दिया गया। इस दौरान पुलिस, राजस्व के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. द्वारा पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया

नंद, नाई, सैन, सविता समाज के प्रति समर्पण, कर्मनिष्ठा और जागरूकता को देखते हुए भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था द्वारा शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव, आशीष शर्मा वाराणसी जिलाध्यक्ष, श्याम बहादुर शर्मा बदलापुर तहसील अध्यक्ष, प्रदीप कुमार शर्मा मिजार्पुर जिलामहासाचिव, चंद्रप्रकाश शर्मा मिजार्पुर जिलाध्यक्ष, लवकुश शर्मा प्रयागराज जिलाध्यक्ष, मनीष शर्मा मुंगरा बादशाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष, संदीप शर्मा शाहगंज तहसील अध्यक्ष, विवेक शर्मा जौनपुर जिलामहासाचिव, अनिकेत शर्मा वाराणसी जिलाउपाध्यक्ष, विशाल शर्मा मिजार्पुर जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

नाई समाज को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने पद का दायित्व पूरी निष्ठा एवम् ईमानदारी के साथ निभाने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।




**प्रतिलिपि :-**

1) दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष
2) नंदवंशी शैलेंद्र कुमार शर्मा संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव
3) मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव
4) मुन्ना लाल शर्मा संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष
5) अशोक कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष
6) जिलाध्यक्ष जौनपुर सुरेन्द्र शर्मा
7) जिलाध्यक्ष भदोही कैलाश शर्मा
8) जिलाध्यक्ष वाराणसी आशीष कुमार शर्मा
9) जिलाध्यक्ष मिजार्पुर चंद्र प्रकाश शर्मा
10) अवधेश कुमार शर्मा मण्डल अध्यक्ष वाराणसी
11) सैलून संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.

नंदवंशी अजय शर्मा
प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी
भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.




# चंद्रयान 03 में इसरो की वैज्ञानिक टीम में मंडला की बेटी सुरभि नामदेव भी

**जबलपुर संवाददाता सविता मोदी**

भारत को विश्व पटल पर एक बार फिर उच्च स्थान दिलाने वाले चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करके एक नया विश्व के लिए इतिहास रचा है। इस सफलता ने सिर्फ केवल भारत देश को गौरवान्वित नहीं किया बल्कि एक छोटे से आदिवासी बहुल क्षेत्र मंडला जिले का नाम भी विश्व पटल पर अंकित हो गया है। दरअसल चंद्रयान -03 मिशन में मंडला जिले की सुरभि नामदेव का भी योगदान रहा। सुरभि ने बताया कि वे



वर्तमान में डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के बेंगलुरू स्थित मुख्यालय साइंटिस्ट-एसडी के पद पर कार्यरत हैं। ये वही शाखा जिसने चंद्रयान -2 में भी योगदान दिया था। चंद्रयान-3 मिशन में सुरभि ने लैंडर और रोवर के थर्मल कंट्रोल सिस्टम के गुणवत्ता नियंत्रण और विश्लेषण में सफलतापूर्वक सहभागिता निभाई। प्राथमिक शिक्षा मंडला में ही सुरभि के पिता चंद्रगुप्त नामदेव ने बताया कि सुरभि नामदेव ने अपनी प्राथमिक शिक्षा निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल से की। प्रथम प्रयास से ही इनका इंडियन स्पेस रिसर्च ऑगेनाइजेशन- इसरो में चयन हुआ था । मंडला की बेटी सुरभि नामदेव ने परिवार और समाज का नाम रोशन किया। वर्तमान में सुरभि नामदेव डिपाटमेंट ऑफ स्पेस के बेंगलुरू स्थित में मुख्यालय साइंटिस्ट एसडी के पद पर कार्यरत हैं।
















